भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1410
गुरूवार, 11 दिसम्बर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना

1410 श्री हारिस बीरान:
श्रीमती रंजीत रंजन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2020 से लेकर 31 अक्टूबर 2025 तक सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के अंतर्गत शामिल प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और प्रतिभागियों का वर्ष-वार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, लिंग-वार और श्रेणी-वार (एससी, एसटी और ओबीसी) ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान योजना के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) परियोजना स्वीकृति और धनराशि संवितरण के बीच लगने वाला औसत समय कितना है और यदि कोई विलंब हुआ है, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या रोजगारपरकता और सेवा गुणवत्ता पर योजना के परिणामों की कोई लेखापरीक्षा की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी "सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी)" योजना के तहत सरकारी एवं पैनलबद्ध निजी संस्थानों के माध्यम से आतिथ्य और पर्यटन से संबंधित अल्पकालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित करता है।

इन कार्यक्रमों में हुनर से रोज़गार तक, उद्यमिता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण एवं प्रमाणन, पर्यटन जागरूकता कार्यक्रम आदि शामिल हैं।

इस योजना के तहत प्रशिक्षण संस्थानों को प्रशिक्षण संचालित करने के लिए लक्ष्य नियत किए जाते हैं और योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार वांछित दस्तावेज़ों की प्रस्तुति पर ही निधियों की प्रतिपूर्ति की जाती है।

पर्यटन मंत्रालय ने भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के माध्यम से सीबीएसपी योजना का तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया है। क्यूसीआई ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में इस योजना को जारी रखने की सिफारिश की है, क्योंकि इसने भारत के पर्यटन और आतिथ्य कार्यबल को उल्लेखनीय रूप से सशक्त बनाया है।

वर्ष 2020 से 31 अक्टूबर, 2025 तक स्वीकृत और प्रतिपूर्ति की गई निधियों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री हारिस बीरान और श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के संबंध में दिनांक 11.12.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1410 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक सीबीएसपी योजना के तहत प्रशिक्षित/प्रमाण पत्र प्राप्त व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या (31 अक्टूबर, 2025 तक)

क्र. सं.	राज्य का नाम	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26*	कुल
1.	आंध्र प्रदेश	0	63	0	0	174	0	**237**
2.	अरुणाचल प्रदेश	363	0	152	120	0	0	**635**
3.	असम	109	185	375	493	1155	0	**2317**
4.	बिहार	343	210	134	123	1179	0	**1989**
5.	चंडीगढ़	25	0	468	112	0	0	**605**
6.	छत्तीसगढ़	49	79	67	30	265	0	**490**
7.	दिल्ली	85	210	79	373	1622	300	**2669**
8.	गोवा	0	0	0	30	0	0	**30**
9.	गुजरात	25	660	264	0	142	0	**1091**
10.	हरियाणा	266	473	900	636	2591	0	**4866**
11.	हिमाचल प्रदेश	383	754	488	315	5409	0	**7349**
12.	जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र	1108	1054	1309	1096	11753	0	**16320**
13.	झारखंड	143	224	86	240	1600	60	**2353**
14.	कर्नाटक	279	350	203	343	1908	0	**3083**
15.	केरल	753	1500	58	153	240	0	**2704**
16.	मध्य प्रदेश	1929	5289	4727	6838	9429	0	**28212**
17.	महाराष्ट्र	153	110	647	420	6487	0	**7817**
18.	मेघालय	313	212	202	171	207	0	**1105**
19.	मणिपुर	0	0	0	0	743	0	**743**
20.	मिजोरम	660	0	834	0	47	0	**1541**
21.	ओडिशा	881	656	441	270	1130	0	**3378**

22.	पुदुचेरी	0	0	67	60	0	0	**127**
23.	पंजाब	675	1013	1012	1337	4276	0	**8313**
24.	राजस्थान	226	144	593	1453	5517	0	**7933**
25.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	**0**
26.	तमिलनाडु	2267	2538	3137	3644	2324	60	**13970**
27.	तेलंगाना	210	417	546	725	3525	0	**5423**
28.	उत्तर प्रदेश	320	4729	3418	3368	16914	120	**28869**
29.	उत्तराखंड	399	871	1116	1361	3929	0	**7676**
30.	पश्चिम बंगाल	0	142	251	226	6804	30	**7453**
31.	लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र	121	151	0	0	0	0	**272**
32.	नागालैंड	0	0	67	216	431	0	**714**
	कुल	**12085**	**22034**	**21641**	**24153**	**89801**	**570**	**170284**

*वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 31 अक्टूबर, 2025 तक के आंकड़े दिए गए हैं।

स्रोत: पर्यटन मंत्रालय

वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2025-26 तक सीबीएसपी योजना के तहत जारी की गई निधियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या (31 अक्टूबर, 2025 तक)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**	**कुल**
1.	आंध्र प्रदेश	391095	0	0	0	0	0	**391095**
2.	अरुणाचल प्रदेश	578760	550515	4837276	0	3020374	0	**8986925**
3.	असम	1622668	4181030	4031889	27188	1488193	5688535	**17039503**
4.	बिहार	1919013	0	505220	1464269	318927	0	**4207429**
5.	चंडीगढ़	18428602	0	137627	826323	312048	0	**19704600**
6.	छत्तीसगढ़	2156048	827720	1147200	0	0	0	**4130968**
7.	दिल्ली	12057073	2848414	1121625	19590793	154531744	0	**190149649**
8.	गोवा	15712516	0	32690	41820	70442	0	**15857468**

9.	गुजरात	2130320	0	609971	116256	0	605016	**3461563**
10.	हरियाणा	3180282	7621666	9700165	6326300	1194526	11521676	**39544615**
11.	हिमाचल प्रदेश	1707030	9073106	2941520	1548714	575632	0	**15846002**
12.	जम्मू और कश्मीर	9374396	11882003	8190238	14822954	1180983	1133351	**46583925**
13.	झारखंड	270120	1322700	0	2949628	0	1861752	**6404200**
14.	कर्नाटक	3449175	1375208	625207	4242535	1240490	0	**10932615**
15.	केरल	15971223	39942453	6154124	41870099	0	0	**103937899**
16.	लद्दाख	0	0	0	0	0	0	**0**
17.	मध्य प्रदेश	16028829	18431762	37716502	32495416	53852657	29832090	**188357256**
18.	महाराष्ट्र	5799200	8165740	1644575	1000000	0	10186210	**26795725**
19.	मेघालय	2024363	2777417	2032685	461702	881266	553713	**8731146**
20.	मिजोरम	0	9425460	0	2508887	460200	0	**12394547**
21.	ओडिशा	25462707	26100531	2275500	9095343	0	510001	**63444082**
22.	पुदुचेरी	0	0	0	750000	0	0	**750000**
23.	पंजाब	0	0	6271894	2331698	2734313	2195914	**13533819**
24.	राजस्थान	0	0	3995909	1381200	357696	22766719	**28501524**
25.	सिक्किम	0	0	0	0	0	0	**0**
26.	तमिलनाडु	17046301	16483291	9212800	10043273	15263630	23260443	**91309738**
27.	तेलंगाना	11724358	9772215	5429324	350000	78100	4353298	**31707295**
28.	उत्तर प्रदेश	26499004	14046121	17892165	24038547	26748091	10009378	**119233306**

29.	उत्तराखंड	21005376	8909475	2946782	18284495	491668	29108586	**80746382**
30.	पश्चिम बंगाल	2116461	310353	282350	71455	785500	0	**3566119**
31.	त्रिपुरा	0	0	0	0	156761	0	**156761**
32.	नागालैंड	0	0	0	0	0	5991404	**5991404**
	कुल	**216654920**	**194047180**	**129735238**	**196638895**	**265743241**	**159578086**	**1162397560**

स्रोत: पर्यटन मंत्रालय

*****